# PAPER-II
# POPULATION STUDIES

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________

   (Name) ___________________________

2. (Signature) ___________________________

   (Name) ___________________________

OMR Sheet No. : ..............................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________

(In words)

| D | 1 | 5 | 1 | 3 |
|---|---|---|---|---|

Time : **1 ¼** hours]

[Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

## POPULATION STUDIES
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Some salient features of a census are
1. Selectivity
2. Simultaneity
3. Universality
4. Periodicity

Find out the correct combination of answer according to the code :

**Codes :**
(A) 1, 2 and 3 are correct.
(B) 2, 3 and 4 are correct.
(C) 1, 3 and 4 are correct.
(D) 1, 2 and 4 are correct.

**2.** **Assertion (A) :** Coverage of vital registration in India is low.
**Reason (R) :** Substantial population of India is illiterate and rural based.

**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**3.** With regard to Indian Census, which one is correctly matched ?
(A) Census of India Act : 1948
(B) Start of dejure method of Census taking : 1931
(C) Reference date of 1971 Census : Feb.9, 1971
(D) Start of Census taking : 1881

**4.** Which one of the following possess dual recording system of vital events ?
(A) NSS (B) NFHS
(C) SRS (D) Census

**5.** Which one of the following is not matched correctly ?
(A) Stable Population Theory : $\int_{\alpha}^{\beta} \overline{e}^{\,ra}\, p(a)m(a)da = 1$
(B) A Migration Model : $\frac{P_1 P_2}{D_{12}}$
(C) Fertility Analysis : $q_x = \frac{2M_x}{2 + M_x}$
(D) Population Projection : $P_t = P_0 e^{rt}$

**6.** Which one of the following methods of population projection requires age-specific fertility rates ?
(A) Gompertz Method
(B) Component Method
(C) Exponential Population Growth Method
(D) Balancing Equation Method

**7.** The interval between survey point and last birth is called
(A) First Birth interval
(B) Interlive birth interval
(C) Open birth interval
(D) Forward birth interval

# जनसंख्या अध्ययन

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** जनगणना की कुछ मुख्य विशेषतायें हैं :

1. चयनात्मकता
2. समकालिकता
3. सार्वभौमिकता
4. आवर्तन

कोड की सहायता से उत्तरों का सही सम्मुचय ज्ञात कीजिये

**कोड** :

(A) 1, 2 और 3 सही हैं ।

(B) 2, 3 और 4 सही हैं ।

(C) 1, 3 और 4 सही हैं ।

(D) 1, 2 और 4 सही हैं ।

**2.** **अभिकथन (A) :** भारत में जन्म-मृत्यु के पंजीकरण का कवरेज़ निम्न है ।

**तर्क (R) :** भारत की जनसंख्या का भारी अंश अशिक्षित और ग्रामों में रहता है ।

**कोड** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**3.** भारतीय जनगणना के सम्बन्ध में, कौन सा सही तरह से सुमेलित है ?

(A) भारतीय जनगणना अधिनियम : 1948

(B) जनगणना करने की कानूनी पद्धति का सुप्रारम्भ : 1931

(C) 1971 जनगणना की संदर्भ तिथि : फरवरी 9, 1971

(D) जनगणना का आरम्भ : 1881

**4.** निम्नांकित में से किसकी पद्धति जन्म-मृत्यु घटनाओं की दोहरी रिकार्डिंग करती है ?

(A) एन.एस.एस.

(B) एन.एफ.एच.एस.

(C) एस.आर.एस.

(D) जनगणना

**5.** निम्नांकित में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?

(A) स्थायी जनसंख्या सिद्धान्त : $\int_{\alpha}^{\beta} \overline{e}^{\,ra}\, p(a)m(a)da = 1$

(B) प्रवसन मॉडल : $\frac{P_1P_2}{D_{12}}$

(C) प्रजनन क्षमता विश्लेषण : $q_x = \frac{2M_x}{2 + M_x}$

(D) जनसंख्या प्रक्षेपण : $P_t = P_0e^{rt}$

**6.** निम्नांकित में से जनसंख्या प्रक्षेपण की कौन सी पद्धति में आयु-विशेष प्रजनन क्षमता का दरों की आवश्यकता होती है ?

(A) गॉम्पर्टस् पद्धति

(B) अवयव पद्धति

(C) घातांकी जनसंख्या वृद्धि पद्धति

(D) संतोलन समीकरण पद्धति

**7.** सर्वेक्षण बिन्दु और आखिरी जन्म के बीच अन्तराल को कहते है

(A) प्रथम जन्म अन्तराल

(B) दो जन्मों के बीच अन्तराल

(C) विवृत (खुला) जन्म अन्तराल

(D) अग्र जन्म अन्तराल

**8.** Myer's blended population index is used to correct :

(A) digit preference in age data
(B) sex-ratio
(C) growth rate
(D) migration rate

**9.** Which one is not matched correctly ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | CBR | : | A measure of fertility |
| (B) | IMR | : | A measure of mortality |
| (C) | SMAM | : | A measure of migration |
| (D) | NRR | : | A measure of population growth |

**10.** Dubling time of a population for a given growth rate (r) is

(A) $t = \frac{\log e}{r}$

(B) $t = \frac{2\log e}{r}$

(C) $t = \frac{\log e}{2r}$

(D) $t = \frac{\log_e 2}{r}$

**11.** Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** Kerala is the only State in India with sex ratio in favour of female.

**Reason (R) :** Gender bias is low in Kerala.

In the context of the two statements, which one of the following is correct ?

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**12.** Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** Mizoram has the highest female work participation in India.

**Reason (R) :** Increasing levels of female literacy facilitate their gainful employment.

In the context of the two statements, which one of the following is correct ?

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**13.** Distribution of population in India is

(A) peripheral to the peninsular plateau
(B) tending to be uniform
(C) highly scattered all over the country
(D) concentrated mainly in urban centres

**14.** Spatial redistribution of population by the Central or State Governments is called

(A) Spontaneous migration
(B) Impelled migration
(C) Transmigration
(D) Restricted migration

**15.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** Punjab has the highest percent obese women in the age group 15-49.

**Reason (R) :**Female work participation rate is relatively low in Punjab.

In the context of the two statements, which one of the following is correct ?

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**8.** मायर के मिश्रित जनसंख्या सूचकांक का उपयोग किया जाता है

(A) आयु सम्बन्धी आँकड़ों में अंक अधिमान (डिजिट प्रिफेरेंस) को सही करने के लिये

(B) लिंग-अनुपात सही करने के लिये

(C) वृद्धि दर सही करने के लिये

(D) प्रवसन दर सही करने के लिये

**9.** कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?

(A) सी.बी.आर. : प्रजनन क्षमता का माप

(B) आई.एम.आर. : मृत्यु दर का माप

(C) एस.एम.ए.एम. : प्रवसन का माप

(D) एन.आर.आर. : जनसंख्या वृद्धि का माप

**10.** प्रदत्त वृद्धि दर (r) के लिये जनसंख्या के दुगना होने के लिये समय है

(A) $t = \frac{\log e}{r}$

(B) $t = \frac{2\log e}{r}$

(C) $t = \frac{\log e}{2r}$

(D) $t = \frac{\log_e 2}{r}$

**11.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) का नाम दिया गया है :

**अभिकथन (A) :** भारत में केवल केरल वो राज्य है जहाँ लिंग अनुपात स्त्रियों के पक्ष में है ।

**तर्क (R) :** केरल में लिंग सम्बन्धी पूर्वाग्रह निम्न है ।

उक्त दो कथनों के सन्दर्भ में, निम्नांकित में से कौन सा सही है ?

**कोड :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**12.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) का नाम दिया गया है :

**अभिकथन (A) :** भारत में उच्चतम महिला कार्य सहभागिता दर मिज़ोरम में है ।

**तर्क (R) :** महिलाओं की साक्षरता का बढ़ता हुआ स्तर उनके लाभकर रोजगार को सुलभ बनाता है ।

उक्त दो कथनों के संदर्भ में, निम्नांकित में से कौन सा सही है ?

**कोड :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**13.** भारत में जनसंख्या का वितरण

(A) प्रायद्वीपीय पठार से परिधीय है ।

(B) एकरूप (समरूप) होने की ओर प्रवृत्त है ।

(C) समस्त देश में अत्यधिक फैला हुआ है ।

(D) मुख्यत: नगरीय केन्द्रों में केन्द्रित है ।

**14.** केन्द्रीय या राज्य सरकारों द्वारा जनसंख्या का स्थानिक वितरण कहलाता है ।

(A) स्वत:स्फूर्त (सहज) प्रवसन

(B) प्रेरित प्रवसन

(C) देशान्तर गमन

(D) प्रतिबंधित प्रवसन

**15.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) का नाम दिया गया है :

**अभिकथन (A) :** पंजाब में 15-49 वर्ष के आयु वर्ग में मोटी स्त्रियों का प्रतिशत अधिकतम है ।

**तर्क (R) :** पंजाब में महिला कार्य सहभागिता दर तुलनात्मक रूप से निम्न है ।

उक्त दो कथनों के संदर्भ में, निम्नांकित में से कौन सा सही है ?

**कोड :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**16.** In a population GRR will be equal to NRR if

(A) Population growth rate is zero
(B) No mortality
(C) Population is at the replacement level
(D) Population is closed to migration

**17.** The following are the sets of framework for fertility analysis given by Davis and Blake :

1. Factors that affect exposure to intercourse
2. Factors that affect exposure to menopause
3. Factors that affect exposure to conception
4. Factors that affect exposure to gestation

Find the correct combination of answer as per code given below :

**Codes :**

(A) 1, 2 and 3 are correct.
(B) 2, 3 and 4 are correct.
(C) 1, 3 and 4 are correct.
(D) 1, 2 and 4 are correct.

**18.** For computation of General Marital Fertility Rate (GMFR), the denominator is taken as

(A) All the currently married females
(B) Ever married females in the reproductive age-group
(C) All the female population in the reproductive age group
(D) Currently married female population in the reproductive age-group

**19.** Following are important in determining the level of fertility of a country :

1. Age at marriage
2. Ageing
3. Level of fecundability
4. Use of contraceptives

Find out the correct combination of answer according to the code :

**Codes :**

(A) 1, 2 and 3 are correct.
(B) 1, 3 and 4 are correct.
(C) 1, 2 and 4 are correct.
(D) 2, 3 and 4 are correct.

**20.** **Assertion (A) :** Rural fertility is higher than urban fertility.

**Reason (R) :** Population density in urban area is higher than in rural areas.

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**21.** If death rate of a stationary population is 10 per thousand, then its life expectancy would be

(A) 10 years
(B) 50 years
(C) 75 years
(D) 100 years

**22.** One of the goals of National Population Policy – 2000 was to bring down the infant mortality rate as below :

(A) 15/per 1000 live births
(B) 20/per 1000 live births
(C) 25/per 1000 live births
(D) 30/per 1000 live births

**23.** Which one of the following has the highest expectation of life for females ?

(A) USA (B) UK
(C) Japan (D) Australia

**24.** **Assertion (A) :** Proportion of elderly population aged 60 and above in the world is increasing.

**Reason (R) :** There is general improvement in the living conditions of the people.

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**16.** जनसंख्या में जी.आर.आर., एन.आर.आर. के बराबर होगा यदि

(A) जनसंख्या वृद्धि दर शून्य है ।

(B) कोई मृत्यु-संख्या नहीं है ।

(C) जनसंख्या प्रतिस्थापन स्तर पर है ।

(D) जनसंख्या प्रवसन प्रतिबंधित है ।

**17.** डेविस और ब्लैक के प्रजनन क्षमता विश्लेषण की रूपरेखा निम्नांकित है :

1. सम्भोग की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले कारक
2. रजोनिवृत्ति की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले कारक
3. गर्भधारण की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले कारक
4. गर्भावधि की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले कारक

नीचे दिये कोड की सहायता से उत्तरों का सही समुच्चय ज्ञात कीजिये :

**कोड** :

(A) 1, 2 और 3 सही हैं ।

(B) 2, 3 और 4 सही हैं ।

(C) 1, 3 और 4 सही हैं ।

(D) 1, 2 और 4 सही हैं ।

**18.** सामान्य वैवाहिक प्रजननता दर (जी.एम.एफ.आर.) की संगणना के लिये हर के रूप में लिया जाता है

(A) वर्तमान में समस्त विवाहित स्त्रियाँ

(B) जननशील आयु-वर्ग की कभी भी विवाहित स्त्रियाँ

(C) जननशील आयु-वर्ग में समस्त महिलाओं की जनसंख्या

(D) जननशील आयु-वर्ग में इस समय विवाहित महिलाओं की जनसंख्या

**19.** देश की प्रजनन क्षमता का स्तर निर्धारित करने में निम्नांकित महत्त्वपूर्ण हैं :

1. विवाह के समय आयु
2. वयोवृद्धता
3. बहुप्रसव योग्यता का स्तर
4. गर्भ निरोधक का उपयोग

कोड की सहायता से उत्तर का सही समुच्चय ज्ञात कीजिए :

**कोड** :

(A) 1, 2 और 3 सही हैं ।

(B) 1, 3 और 4 सही हैं ।

(C) 1, 2 और 4 सही हैं ।

(D) 2, 3 और 4 सही हैं ।

**20.** **अभिकथन (A) :** शहरी प्रजननता की तुलना में ग्रामीण प्रजननता अधिक होती है ।

**तर्क (R) :** ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में जनसंख्या घनत्व अधिक है।

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**21.** यदि स्थावर जनसंख्या की मृत्यु दर प्रति हजार 10 है, तो उसकी जीवन प्रत्याशा होगी

(A) 10 वर्ष

(B) 50 वर्ष

(C) 75 वर्ष

(D) 100 वर्ष

**22.** राष्ट्रीय जनसंख्या नीति – 2000 का एक लक्ष्य शिशु मृत्यु दर को इसके नीचे लाना था :

(A) 15/प्रति 1000 जीवित जन्मे बच्चे

(B) 20/प्रति 1000 जीवित जन्मे बच्चे

(C) 25/प्रति 1000 जीवित जन्मे बच्चे

(D) 30/प्रति 1000 जीवित जन्मे बच्चे

**23.** स्त्रियों के लिये उच्चतम जीवन प्रत्याशा निम्नांकित में से कहाँ पाई जाती है ?

(A) यू.एस.ए. (B) यू.के.

(C) जापान (D) ऑस्ट्रेलिया

**24.** **अभिकथन (A) :** 60 वर्ष और अधिक आयु की वयस्क जनसंख्या का अनुपात विश्व में बढ़ रहा है ।

**तर्क (R) :** लोगों के रहन-सहन की स्थितियों में सामान्य सुधार हुआ है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**25.** **Assertion (A) :** Longevity of persons in developing countries is low at birth.

**Reason (R) :** Fertility is high in developing countries.

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**26.** Match the following :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| a. | K. Zipf | i. | Theory of Growth Poles |
| b. | Perroux | ii. | Theory of Optimum Population |
| c. | W.J. Reilly | iii. | Rank-size Rule |
| d. | Carr-Saunder | iv. | Gravity Model |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | ii | i |
| (B) | i | iii | ii | iv |
| (C) | iii | i | iv | ii |
| (D) | ii | iii | i | iv |

**27.** Concept of Nested Hierarchy in Spatial Organisation of human settlements was formulated by

(A) R.E. Dickenson

(B) Brian Berry

(C) A.K. Philbrick

(D) Norton Ginsberg

**28.** Which one of the following values in the concept of Nearest Neighbour Analysis reflects the tendency towards uniform distribution of human settlements ?

(A) 0.9

(B) 1.2

(C) 1.9

(D) 0.2

**29.** Which one of the following is a direct measure of migration ?

(A) Balancing Equation Method

(B) Place of Birth Method

(C) Survival Ratio Method

(D) National Population Growth Method

**30.** Which one of the following is not associated with migration studies ?

(A) Bogue

(B) Lee

(C) Ravenstein

(D) Stouffer

**31.** Who among the following authors is associated with the Theory of Demographic Transition ?

(A) Thompson

(B) Landry

(C) Zelinsky

(D) Notestein

**32.** Match the following :

| | **List – I (Measures)** | | **List – II (Persons)** |
|---|---|---|---|
| a. | Singulate mean age at marriage | i. | Gompertz |
| b. | Theory of Population | ii. | Graceille |
| c. | Abridged Life Table | iii. | Malthus |
| d. | Stable Population Theory | iv. | Hajnal |
| | | v. | Coale |

Find the correct combination as per code given below :

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | v |
| (B) | ii | v | iv | iii |
| (C) | v | i | iii | iv |
| (D) | i | ii | iv | v |

**25.** **अभिकथन (A) :** विकासशील देशों में व्यक्तियों का आयुकाल जन्म के समय कम होता है ।

**तर्क (R) :** विकासशील देशों में प्रजनन क्षमता अधिक है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**26.** निम्नांकित का मिलान कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | के. ज़िफ़ | i. | वर्धन-ध्रुव सिद्धान्त |
| b. | पेरु | ii. | इष्टतम जनसंख्या सिद्धान्त |
| c. | डब्ल्यू.जे. रैली | iii. | श्रेणी-आकार नियम |
| d. | कार्र्-सॉन्डर | iv. | गुरुत्व मॉडल |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | ii | i |
| (B) | i | iii | ii | iv |
| (C) | iii | i | iv | ii |
| (D) | ii | iii | i | iv |

**27.** मानव बस्तियों के स्थानिक संगठन में नीड़ित सोपान (अनुक्रम) की अवधारणा प्रतिपादित की

(A) आर.ई. डिकेनसन ने

(B) ब्रायन बेरी ने

(C) ए.के. फिलब्रिक ने

(D) नॉर्टन जिंसबर्ग ने

**28.** समीपवर्ती आवास इकाई विश्लेषण की अवधारणा में निम्नांकित मूल्यों में से कौन सा मानव बस्तियों के समरूप वितरण की ओर प्रवृत्ति प्रकट करता है ?

(A) 0.9

(B) 1.2

(C) 1.9

(D) 0.2

**29.** निम्नांकित में से कौन सा प्रवसन का प्रत्यक्ष माप है ?

(A) संतोलन समीकरण पद्धति

(B) जन्म का स्थान पद्धति

(C) उत्तरजीविता अनुपात पद्धति

(D) राष्ट्रीय जनसंख्या वृद्धि पद्धति

**30.** निम्नांकित में से कौन प्रवसन अध्ययनों से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) बॉग

(B) ली

(C) रैवनस्टीन

(D) स्टूफर

**31.** निम्नांकित लेखकों में से कौन जनांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त से सम्बन्धित है ?

(A) थॉम्पसन

(B) लैंड्री

(C) ज़ेलिन्सकी

(D) नॉटस्टीन

**32.** निम्न को सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I (माप)** | | **सूची – II (व्यक्ति)** |
|---|---|---|---|
| a. | विवाह के समय एकल वर्षों की औसत आयु | i. | गॉम्पर्टस् |
| b. | जनसंख्या का सिद्धान्त | ii. | ग्रेशिल |
| c. | संक्षिप्त जीवन तालिका | iii. | माल्थस |
| d. | स्थिर जनसंख्या सिद्धान्त | iv. | हजनल |
| | | v. | कॉल |

नीचे दिये कोड की सहायता से सही समुच्चय ज्ञात कीजिए :

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | v |
| (B) | ii | v | iv | iii |
| (C) | v | i | iii | iv |
| (D) | i | ii | iv | v |

**33.** Which one of the following is not true in case of stable population theory ?

(A) $NRR = e^{rT}$

(B) $b = d = \frac{1}{e_0^0}$ (if r = 0)

(C) c (a, t) = c(a)

(D) NRR = GRR

**34.** **Assertion (A) :** India's birth rate is declining and death rate has declined rapidly.

**Reason (R) :** India has entered into the third phase of demographic transition.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**35.** Who has given the statements "… food is necessary to the existence of man" and "the passion between sexes is necessary and will remain in its present state." ?

(A) Garrett Hardin

(B) T.R. Malthus

(C) Karl Marx

(D) J.S. Mill

**36.** **Assertion (A) :** The temperature in most of the metropolitan cities is increasing alarmingly.

**Reason (R) :** Green belt is decreasing in urban areas.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**37.** Match the following List – I with List – II :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| a. | Relationship between deprivation and revolution | i. | C.R. Darwin |
| b. | Basic-nonbasic concept of urban economic functions. | ii. | Leibenstein |
| c. | The origin of species | iii. | T.C. Davies |
| d. | Theory of Economic demographic development | iv. | J.W. Alexander |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | i | iv |
| (B) | iii | iv | i | ii |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | iv | i | ii | iii |

**38.** Which one of the following sequences is in correct descending order based on Human Development Index ?

(A) Punjab, Himachal Pradesh, Haryana, Gujarat.

(B) Himachal Pradesh, Punjab, Haryana, Gujarat.

(C) Haryana, Gujarat, Punjab, Himachal Pradesh.

(D) Gujarat, Haryana, Himachal Pradesh, Punjab.

**39.** The interval between menarche and attainment of full biological maturity is

(A) primary sterility

(B) Adolescent sterility

(C) Secondary sterility

(D) Menopause

**40.** In population above the age of 7 years, when compared to males, female literacy rate in India in 2011 is lower by

(A) less than 5 points

(B) 6 to 10 points

(C) 11 to 15 points

(D) 16 to 20 points

**33.** निम्नांकित में से कौन सा स्थायी जनसंख्या सिद्धान्त के मामले में सत्य नहीं है ?

(A) एन.आर.आर. = $e^{r}T$

(B) $b = d = \frac{1}{e_0^0}$ (यदि r = 0)

(C) c (a, t) = c(a)

(D) एन.आर.आर. = जी.आर.आर.

**34.** **अभिकथन (A) :** भारत की जन्म दर गिर रही है और मृत्यु दर तीव्रता से कम हो गई है ।

**तर्क (R) :** भारत जनांकिकीय संक्रमण के तीसरे चरण में आ गया है ।

**कोड :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**35.** यह किसका कथन है, "मनुष्य के अस्तित्व के लिये भोजन आवश्यक है" और "पुरुष एवं स्त्री के बीच भावावेग आवश्यक है और वह अपनी वर्तमान स्थिति में रहेगा ।" ?

(A) गैरेट हार्डिन

(B) टी.आर. माल्थस

(C) कार्ल मार्क्स

(D) जे.एस. मिल

**36.** **अभिकथन (A) :** अधिकांश महानगरीय शहरों में तापमान अत्यधिक तेजी से बढ़ रहा है ।

**तर्क (R) :** शहरी क्षेत्रों में हरित पट्टी कम हो रही है ।

**कोड :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**37.** निम्नांकित सूची - I का सूची - II से मिलान कीजिये :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. अभाव (वंचन) और क्रान्ति के बीच सम्बन्ध | i. सी.आर. डार्विन |
| b. नगरीय आर्थिक कार्यकलापों की मूलभूत और गैर-मूलभूत अवधारणा | ii. लेबेनस्टाइन |
| c. जातियों का उद्गम | iii. टी.सी. डेविस |
| d. आर्थिक जनांकिकीय विकास का सिद्धान्त | iv. जे. डब्ल्यू. एलेक्जेंडर |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | i | iv |
| (B) | iii | iv | i | ii |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | iv | i | ii | iii |

**38.** निम्नांकित अनुक्रमों में से कौन सा मानव विकास सूचकांक के आधार पर सही अवरोही क्रम में है ?

(A) पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, गुजरात

(B) हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, गुजरात

(C) हरियाणा, गुजरात, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

(D) गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब

**39.** प्रथम रजोदर्शन और पूर्ण जैविक परिपक्वता के बीच अंतराल है

(A) प्राथमिक बन्ध्यता

(B) किशोरावस्था बन्ध्यता

(C) द्वितीयक बन्ध्यता

(D) रजोनिवृत्ति

**40.** भारत में 2011 में सात वर्ष से ऊपर की जनसंख्या में पुरुषों की तुलना में स्त्रियों की साक्षरता दर कम है

(A) 5 बिन्दुओं से कम

(B) 6 से 10 बिन्दुओं के बीच

(C) 11 से 15 बिन्दुओं के बीच

(D) 16 से 20 बिन्दुओं के बीच

**41.** **Assertion (A) :** Replacement level in India is getting delayed.

**Reason (R) :** Gender preference is prevalent in India.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**42.** **Assertion (A) :** Longevity of females in Japan is the highest.

**Reason (R) :** Divorce rate is the highest in Japan among developed countries.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**43.** This consists of two lists of statements, terms or symbols and the candidate has to match an item in one list with an item in the other :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Six billion population of the world | i. 1974 |
| b. Recent National Population Policy of India | ii. 1976 |
| c. NF-HS-III | iii. 1999 |
| d. Child Marriage Restraint Act | iv. 2000 |
| | v. 2005-06 |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | v | i |
| (B) | iv | iii | i | v |
| (C) | v | i | ii | iii |
| (D) | ii | v | iii | iv |

**44.** Which one of the following is not a spacing method of family planning ?

(A) Barrier Method

(B) Hormonal Method

(C) Vasectomy

(D) Intra-uterine Device (IUD)

**45.** World Population Plan of Action was adopted at the United Nations World Population Conference held at

(A) Bucharest 1974

(B) Mexico 1984

(C) Belgrade 1965

(D) Cairo 1994

Read the passage below and answer the questions that follow, based on your understanding of the passage :

The definitions of Population Policy are numerous and varied. To cite some examples :

- A deliberate effort by a national Government to influence the three demographic variables : fertility, mortality and migration.
- A set of coordinated laws aimed at reaching some demographic goals.
- Direct and indirect measures, formulated by the whole range of social institutions, including Government, which whether intended or not, may influence the size, distribution or composition of human population.

In defining "population policy", it is useful to distinguish between "explicit" and "implicit" policies. An "explicit" policy is a statement or a document by a national Government announcing its intention or plan to affect the country's population growth and perhaps its distribution and/or composition as well. Explicit population policies have been issued in a variety of forms, including legislation; documents by Governmental ministries and commissions, sections of development plans, policy declaration of a ruling party, statements by the nation's President or other high level officials.

41. **अभिकथन (A) :** भारत में प्रतिस्थापन का स्तर प्राप्त करने में विलम्ब हो रहा है ।

**तर्क (R) :** लिंग अधिमान भारत में व्याप्त है ।

**कोड :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

42. **अभिकथन (A) :** जापान में स्त्रियों की आयु अवधि अधिकतम है ।

**तर्क (R) :** विकसित देशों में से जापान में तलाक की दर अधिकतम है ।

**कोड :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

43. नीचे कथनों, शब्दों या चिह्नों की दो सूचियाँ हैं और अभ्यर्थी को सूची-I में दी मद को सूची-II में दी मद के साथ सुमेलित करना है :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | विश्व की छ: अरब जनसंख्या | i. | 1974 |
| b. | भारत की नूतन राष्ट्रीय जनसंख्या नीति | ii. | 1976 |
| c. | एन.एफ.एच.एस.-III | iii. | 1999 |
| d. | बाल विवाह निरोध अधिनियम | iv. | 2000 |
| | | v. | 2005-06 |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | v | i |
| (B) | iv | iii | i | v |
| (C) | v | i | ii | iii |
| (D) | ii | v | iii | iv |

44. निम्नांकित में से कौन परिवार नियोजन की अंतरण (अंतरालन) पद्धति नहीं है ?

(A) रोध पद्धति
(B) हॉर्मोनल पद्धति
(C) पुरुष नसबन्दी
(D) आई.यू.डी.

45. विश्व जनसंख्या कार्य योजना कहाँ पर संयुक्त राष्ट्र विश्व जनसंख्या सम्मेलन में अपनाई गई थी ?

(A) बुकारेस्ट 1974
(B) मेक्सिको 1984
(C) बेलग्रेड 1965
(D) काहिरा 1994

नीचे दिए परिच्छेद को पढ़िये और अपनी समझ अनुसार प्रश्नों का उत्तर दीजिये :

जनसंख्या नीति की कई और विविध परिभाषाएँ हैं । उदाहरण के तौर पर :

- तीन जनांकिकीय चरों : प्रजनन क्षमता, मृत्यु दर और प्रवसन को प्रभावित करने के लिये राष्ट्रीय सरकार का सुविचारित प्रयास
- कुछ जनांकिकीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये समन्वित कानूनों का समूह
- सरकार समेत, समस्त विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा तैयार किये प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष उपाय, जो जनसंख्या के आकार, वितरण या संयोजन को प्रभावित कर सकते हैं या नहीं भी । "जनसंख्या नीति" की परिभाषा देते समय, व्यक्त एवं अव्यक्त नीतियों के बीच अन्तर करना लाभप्रद होता है । व्यक्त नीति राष्ट्रीय सरकार का वक्तव्य या दस्तावेज है जो देश की जनसंख्या वृद्धि और शायद उसके वितरण और/या संयोजन को प्रभावित करने के उसके प्रयोजन या योजना की घोषणा करता है । व्यक्त जनसंख्या नीतियाँ विभिन्न रूपों में जारी की जाती हैं जैसे कि कानून,; सरकारी मन्त्रालयों और आयोगों द्वारा दस्तावेज, विकास योजनाओं के उपभाग, शासन कर रहे दल की नीतिगत घोषणा, राष्ट्र के राष्ट्रपति या अन्य उच्च स्तरीय कर्मचारियों द्वारा जारी किये वक्तव्य ।

In some cases, policies set specific demographic targets, such as reacting a certain level of fertility or mortality by a specific year.

In contrast "implicit" policies are those laws, regulations and other directives which, although not necessarily issued for the purpose of affecting population growth, distribution or composition, have the affect of doing so. By aggregating the impact of those policies that influence population growth, distribution and composition directly and indirectly, one could theoretically arrive at a conclusion about a country's implicit population policy. In this way, one examines what a country "does" not merely what it "says".

It is often very difficult to uncover a country's implicit policy. First, with few exceptions, policies are not generally coordinated to reach a common population goal. Second, most social and economic development policies (e.g. education, health, income, housing) are thought to influence fertility indirectly, measurement of all these policies for their effect on population dynamics can be very complex and cumbersome. Third, the net impact of policies often is not known for many years – if it is known at all.

**46.** Which one of the following does not form part of the Explicit Population Policy ?

(A) Legislation

(B) Development Plans

(C) Declaration by Political Parties

(D) Statement by Nation's President.

**47.** Which one of the following is not a part of the implicit population policies ?

(A) Targets

(B) Education

(C) Health

(D) Income

**48.** In the passage, population policies are aimed at influencing

I. Fertility, mortality and migration

II. Size and distribution of population

III. Composition of Population

Which one of the following is correct ?

(A) I and II

(B) I and III

(C) II and III

(D) I, II and III

**49.** Which one of the following is synonymous in the passage ?

(A) Explicit and Target

(B) Explicit and Population Growth

(C) Implicit and Indirect measures

(D) Implicit and declaration by Nation's President

**50.** The tone of the passage can be described as

(A) Analytical and optimistic

(B) Biased and unprofessional

(C) Critical and pessimistic

(D) Tentative and inconclusive

कुछ स्थितियों में, नीतियाँ विशिष्ट जनांकिकीय लक्ष्य निश्चित करती है जैसे कि एक विशेष वर्ष तक एक विशेष स्तर की प्रजनन क्षमता या मृत्यु दर को प्राप्त करना ।

इसके विपरीत, अव्यक्त नीतियाँ वह कानून, विनियम और निर्देश हैं जो यद्यपि जनसंख्या वृद्धि, वितरण या संयोजन को प्रभावित करने के उद्देश्य से अनिवार्यत: जारी नहीं किए जाते हैं, इनका प्रभाव वही होता है । उन नीतियों को, जो जनसंख्या वृद्धि, वितरण और संयोजन को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती हैं, एकत्रित करके देश की अव्यक्त जनसंख्या नीति के बारे में सैद्धान्तिक निष्कर्ष निकाला जा सकता है । इस तरह से, इस बात की भी परीक्षा की जा सकती है कि देश क्या “करता है” और सिर्फ यही नहीं कि वो क्या “कहता है” ।

देश की अव्यक्त नीति को अनावृत करना अक्सर बहुत कठिन होता है । पहला, कुछ अपवादों को छोड़ कर, सामान्यतया, नीतियाँ सर्वसामान्य जनसंख्या लक्ष्य तक पहुँचने के लिये समन्वित नहीं होती हैं । दूसरा, ऐसा विचार है कि अधिकांश सामाजिक और आर्थिक विकास नीतियाँ (उदाहरणार्थ शिक्षा, स्वास्थ्य, आय, आवास) प्रजनन क्षमता को अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती हैं; जनसंख्या की गत्यात्मकता पर उनके प्रभाव को देखने के लिये इन सब नीतियों का मापन बहुत जटिल और दुर्वहनीय हो सकता है । तीसरा, नीतियों का शुद्ध प्रभाव, यदि ज्ञात भी कर लिया जाता है, अक्सर बहुत वर्षों के बाद ज्ञात नहीं हो पाता है ।

**46.** व्यक्त जनसंख्या नीति का हिस्सा निम्नांकित में से कौन सा नहीं है ?

(A) कानून

(B) विकास योजनायें

(C) राजनैतिक दलों द्वारा घोषणा

(D) राष्ट्र के राष्ट्रपति द्वारा वक्तव्य

**47.** निम्नांकित में से कौन सा अव्यक्त जनसंख्या नीतियों का हिस्सा नहीं है ?

(A) लक्ष्य

(B) शिक्षा

(C) स्वास्थ्य

(D) आय

**48.** परिच्छेद में, जनसंख्या नीतियों का लक्ष्य किसे प्रभावित करने का है ?

I. प्रजनन क्षमता, मृत्यु दर और प्रव्रजन

II. जनसंख्या का आकार और वितरण

III. जनसंख्या का संयोजन

निम्नांकित में से कौन सा सही है ?

(A) I और II

(B) I और III

(C) II और III

(D) I, II और III

**49.** निम्नांकित में से कौन सा परिच्छेद में समानार्थी है ?

(A) व्यक्त और लक्ष्य

(B) व्यक्त और जनसंख्या वृद्धि

(C) अव्यक्त और अप्रत्यक्ष उपाय

(D) अव्यक्त और राष्ट्र के राष्ट्रपति द्वारा घोषणा

**50.** परिच्छेद के भाव को इस तरह स्पष्ट किया जा सकता है

(A) विश्लेषणात्मक और आशावादी

(B) पूर्वाग्रहयुक्त और अव्यावसायिक

(C) विवेचनात्मक और निराशावादी

(D) प्रयोगात्मक (अंतरिम) और अनिर्णायक

**Space For Rough Work**